www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

SB NEWS

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240
आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 'इंडिया' गठबंधन की कब्र पर खड़ा होगा...
3 प्राणघातक हमले में महिला सहित दो को मिलीं जमानत
4 हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों को प्रदान किया...

वर्षः 9 | अंकः 78 | दिल्ली, शनिवार, 11 जनवरी 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

**संक्षिप्त समाचार**

### ठंड के कारण गोवंश की मौत पर कैथल के डीसी ने बनाई कमेटी

**चंडीगढ़ (एजेन्सी)।** कैथल में जींद रोड स्थित गोशाला में गायों की मौत पर संज्ञान लेते हुए डीसी प्रीति ने वहां की व्यवस्था की निगरानी को लेकर एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता को अध्यक्ष तथा जिला नगर आयुक्त द्वारा नामित प्रतिनिधि, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप निदेशक, संबंधित गोशाला के प्रधान को सदस्य बनाया गया है। डीसी ने कमेटी को निर्देश जारी किए हैं कि सयुंक्त रूप से मौके का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें और गोवंश की आवश्यकतानुसार मूलभूत सुविधाएं एवं समुचित प्रबंधों की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें, ताकि गोवंश की ठीक प्रकार से देखभाल हो सके। यह कमेटी प्रत्येक 48 घंटे में अपनी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

### उमर अब्दुल्ला ने नागरिकों के लिए शुरू किया आरटीआई पोर्टल

**जम्मू कश्मीर (एजेन्सी)।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सूचना के अधिकार कानून (आरटीआई) के तहत आवेदन को जमा करने, उनकी स्थिति का पता लगाने और इलेक्ट्रॉनिक रूप से उनका जवाब हासिल करने के लिए शुक्रवार को एक पोर्टल की शुरूआत की, ताकि लोगों को इस सिलसिले में सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। सामान्य प्रशासन विभाग आरटीआई ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के प्रबंधन के लिए नोडल एजेंसी है। इसके माध्यम से सभी विभाग आरटीआई आवेदनों के निस्तारण के लिए जवाबदेह हैं। अब्दुल्ला ने बाद में फेसबुक पर लिखा, (मैंने) सिविल सचिवालय में जम्मू-कश्मीर आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया। देर आए दुरुस्त आए, आखिरकार जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को अपना आरटीआई पोर्टल मिल ही गया। अब्दुल्ला ने इस बात पर जोर दिया कि आरटीआई पोर्टल का उद्देश्य नागरिकों को आरटीआई आवेदन करने, उनकी स्थिति का पता लगाने और ऑनलाइन जवाब प्राप्त करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल जम्मू-कश्मीर में अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी शासन में योगदान देगी।

### तमिलनाडु के मंदिर में हवन मेरी सुरक्षा, मन की शांति के लिए किया गया : शिवकुमार

**कर्नाटक (एजेन्सी)।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु के एक मंदिर में किया गया हवन उनकी सुरक्षा और मन की शांति के लिए था। उप मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के कुंभकोणम और कांचीपुरम में मंदिरों का दौरा किया, जिसके बाद केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि हवन उनके दुश्मनों के नाश के लिए किया गया था। शिवकुमार ने कहा, मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो रोजाना पूजा करता है और नियमित रूप से हवन करता हूं। मैंने यह हवन मन की शांति और अपनी सुरक्षा के लिए किया है। उन्होंने वैकुंठ एकादशी के अवसर पर एक मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं हर दिन भगवान से, अच्छी खबर के लिए प्रार्थना करता हूं। मैं भगवान से उन लोगों से मेरी रक्षा करने की भी प्रार्थना करता हूं जो मेरा बुरा चाहते हैं। इसमें कुछ भी छिपा हुआ नहीं है।

## राष्ट्रपति ने प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए

# भारतीय प्रवासी विकसित भारत के दृष्टिकोण का अभिन्न अंग हैं: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु



**संजना भारती/पीआईबी**

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र की शोभा बढ़ाते हुए उसे संबोधित किया और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर आए हैं, बल्कि मूल्य और लोकाचार भी लेकर आए हैं, जो सहस्राब्दियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता का क्षेत्र हो, प्रवासी भारतीयों ने अपनी ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। राष्ट्रपति ने सभी प्रवासी भारतीय सम्मान विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की कहानियां न केवल भारत के लिए गौरव की बात हैं, बल्कि वे दुनिया भर में लाखों लोगों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित भी करती हैं। उन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की राष्ट्रपति महामहिम क्रिस्टीन कंगालू को भी बधाई दी और कहा कि महिलाओं और भारतीय प्रवासियों पर विशेष ध्यान देने के साथ अपने देश का नेतृत्व करने में उनके उत्कृष्ट योगदान ने विश्व मंच पर एक उच्च मानक स्थापित किया है।

राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि प्रवासी भारतीय दिवस अब सिर्फ एक आयोजन नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां विचारों का संगम होता है, सहयोग स्थापित होता है और भारत तथा उसके प्रवासी समुदाय के बीच संबंध मजबूत होते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश आज वर्ष 2047 तक विकसित भारत की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसके लिए विदेश में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रवासी भारतीय इस दृष्टिकोण का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी वैश्विक उपस्थिति एक अनूठा दृष्टिकोण प्रदान करती है और उनकी उपलब्धियां उन्हें विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित करती हैं।

### विराट अनुष्का ने मथुरा में संत प्रेमानंद का आशीर्वाद लिया

**मथुरा (एजेन्सी)।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी व अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने शुक्रवार को वृन्दावन पहुंचकर संत प्रेमानन्द का आशीर्वाद लिया। दंपति अपने दोनों बच्चे वामिका और अकाय के साथ वृंदावन स्थित आश्रम श्रीराधा केली कुंज पहुंचे और आशीर्वाद लिया। अनुष्का का परिवार (यानि उनके माता-पिता) पहले से संत प्रेमानन्द का शिष्य है। इसे पहले दंपति दो बार संत प्रेमानन्द के आश्रम में आ चुके हैं। प्रेमानन्द महाराज ने विराट को कुशलता का आशीर्वाद देते हुए निरंतर अभ्यास पर नियंत्रण रखने को कहा। उन्होंने विराट से कहा कि अगर अभ्यास पुष्ट हो गया तो जीत पक्की है, ज्यादा चिंता न करें। संत प्रेमानन्द ने दंपति के बारे में कहा कि हम तो साधना के जरिए कुछ ही लोगों को आनंदित करते हैं जबकि दोनों अपने कर्म से पूरे देश को आनंदित करते हैं।



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महा-कुंभ मेला 2025 से पहले साधु नगर प्रवेश जुलूस में भाग लेते हुए। (स्त्रोतः पीआईबी)

# मनोहर लाल ने करनाल स्मार्ट सिटी के अंतर्गत दी करीब 59 करोड़ के तीन प्रोजेक्ट की सौगात



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को करनाल स्मार्ट सिटी के अंतर्गत शहर को 59 करोड़ के तीन प्रोजेक्ट की सौगात दी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने करनाल के सेक्टर-32 में बनाए गए इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, सेक्टर-9 में क्रिकेट ग्राउंड और शक्ति कॉलोनी में बनाए गए महिला आश्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, इंद्री के विधायक एवं चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा व भाजपा के जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, डीसी उत्तम सिंह भी मौजूद रहे।

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल सर्वप्रथम सेक्टर-32 में पहुंचे। यहां उन्होंने 44 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इनडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का उद्घाटन किया। उन्होंने पूरे परिसर का अवलोकन किया और वहां मौजूद जिम, बैडमिंटन हॉल, स्वीमिंग पूल की बारीकी से जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने आमजन को संबोधित किया और उन्हें इस इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की बधाई दी। इसके उपरांत सेक्टर-9 में 1.75 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन किया। उन्होंने यहां मौजूद खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को व करनालवासियों को क्रिकेट ग्राउंड की बधाई दी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल इसके उपरांत करनाल की शक्ति कॉलोनी में पहुंचे। यहां उन्होंने 13 करोड़ की लागत से बनाए गए महिला आश्रम का उद्घाटन किया।

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स 44 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है, जो 2 एकड़ में बनाया गया है। इस कॉम्प्लेक्स में एक अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक स्तर का स्विमिंग पूल बनाया गया है। जिसमें 10 लेन जोकि 50 मीटर x 25 मीटर है। पूल हीटिंग, फिल्टरेशन, लाइटिंग जैसी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसके साथ-साथ इस इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में वार्म अप पूल बनाया गया है, जिसका साईज 25 मीटर. x 21 मीटर है। एक बैडमिंटन हॉल बनाया गया है। इसमें 5 कोर्ट हैं। महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शॉवर रूम, प्रसाधन, गर्म पानी के लिए गीजर, लॉकर का भी अलग-अलग प्रावधान है। व्यायाम के लिए हॉल बनाया गया है। इसके साथ-साथ आफिस रूम बनाया गया है। 6 से 12 वर्ष के बच्चों की व्यायाम के लिए जिम बनाया गया है। कैफेटेरिया की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त मेडिकल रूम भी बनाया गया है। पहले तल पर दर्शकों के बैठने के लिए 384 कुर्सियों सहित उचित व्यवस्था की हुई है। 3 बडे जिम हॉल बनाए गए हैं, जिसमें विभिन्न प्रकार की व्यायाम करने हेतु अलग-अगल आधुनिक मशीनों व संयत्रों का प्रावधान किया गया है। महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शॉवर व प्रसाधन का निर्माण किया गया है। दूसरे तल पर एक बड़ा हॉल जिसका साईज 8 मीटर x 4 मीटर व्यायाम हेतु क्रॉस फिट की सुविधा प्रदान की गई है। योगा व मेडिटेशन के लिए एक हॉल जिसका 12 मीटर x 11 मीटर है, निर्माण किया गया है। महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग से प्रसाधन का निर्माण किया गया है। इनडोर व आउटडोर पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है।

इस मौके पर हरियाणा कल्याण सोसायटी फॉर पर्सन्स विद स्पीच एंड हियरिंग इम्पेयरमेंट की चेयरपर्सन मेघा भंडारी, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील गोयल, प्रवीन लाठर, जिला उपाध्यक्ष इलम सिंह, राजेंद्र आर्य दादुपुर, एडवोकेट विजय वेदपाल, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी व अन्य आमजन उपस्थित रहे।

# लोगों की शिकायतों के समाधान में तेजी लाएं अधिकारीः मंत्री अनिल विज

## लंबे समय तक लंबित न हों शिकायतें, लापरवाही मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अधिकारी आमजन की शिकायतों पर सुनवाई में तेजी लाएं और समय पर कार्रवाई करके उन्हें राहत पहुंचाएं। कोई भी शिकायत लंबे समय तक लंबित न रहे। सरकार के लिए जनता के हित सर्वोपरि हैं। सभी को मूलभूत सेवाएं प्रदान करना सरकार व प्रशासन का दायित्व है। सभी विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तेजी से पूरा किया जाए। यदि लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज शुक्रवार को आरकेएसडी कॉलेज के हाल में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक में कुल 13 मामले रखे गए, जिनमें पांच पुराने तथा आठ नए मामलों पर सुनवाई की गई। पुराने मामलों के अंतर्गत पहली शिकायत बलराज नगर निवासी चतरा सिंह की जमीनी विवाद को लेकर थी, इसमें पुलिस विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस शिकायत का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

दूसरी शिकायत रोहेड़ा निवासी भीम सिंह की थी कि उसके घर से 12 अगस्त 2024 को गहने व नकदी चोरी हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में एसआईटी गठित करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिस पर शिकायतकर्ता ने पुलिस का धन्यवाद किया। इस मामले का निपटान हो गया।

अगली शिकायत में एक महिला ने पिछली बैठक में अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की शिकायत दी थी। जिसमें मंत्री अनिल विज द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे। इस मामले में पुलिस ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस पर इस शिकायत का निपटान कर दिया गया।

पुरानी शिकायतों में चौथे मामले में सीवन निवासी मुकेश कुमार की गली निर्माण के दौरान घर में आई दरारों पर मुआवजे की मांग के मामले में मंत्री श्री अनिल विज ने एसडीएम कैथल की अगुवाई में कमेटी का गठन कर कार्रवाई के आदेश दिए थे। इस पर एसडीएम कैथल अजय सिंह ने बताया कि जांच में सरपंच, पंचायत में ग्राम सचिव, पंचायत राज विभाग से जेई की लापरवाही पाई गई है। जिस पर मंत्री ने सरपंच के खिलाफ डीसी कैथल को कार्रवाई के आदेश जारी किए।

वहीं जेई व ग्राम सचिव के खिलाफ चार्जशीट करने के आदेश जारी किए। साथ ही पीड़ित के मकान नुकसान का आंकलन कुरुक्षेत्र इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम से करवाए जाने के आदेश भी जारी किए।

# इहबास कैंपस में तीसरे दिल्ली राज्य हेल्थ वॉरियर स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

## 8 से 16 जनवरी के बीच खेला जा रहा है क्रिकेट टूर्नामेंट



**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित IHBAS कैंपस में मुख्य अतिथि राम निवास गोयल स्पीकर, दिल्ली विधानसभा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश कुमार (निदेशक, LNJP अस्पताल), मुकेश वालिया (एसीपी, सीमापुरी, दिल्ली पुलिस), आयोजक जय प्रकाश (संस्थापक व मुख्य समन्वयक) आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति में तीसरे दिल्ली राज्य हेल्थ वॉरियर स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ।

इस टूर्नामेंट में महिलाओं और पुरुषों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें 100 मीटर दौड़, लेमन एडं स्पून रेस और म्यूजिकल चेयर जैसे खेल शामिल हैं। इसके साथ ही, एक क्रिकेट टूर्नामेंट का भी आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली के विभिन्न सरकारी अस्पतालों की टीमें भाग ले रही हैं।



इहबास नर्सिंग यूनियन की अध्यक्ष रेखा शर्मा ANS अनिल राय, डॉक्टर रिषभ और शर्मा विमला गुप्ता, मैनेजिंग टीम में इहबास से MSW विकास पांचाल, प्रवीन कुमार पवार, अवनीश चौधरी, अंकित और दूसरे हॉस्पिटल से उदय कुमार, सुरेंद वत्स, राखी शर्मा, रितेश, भारती और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे। क्रिकेट टूर्नामेंट 8 से 16 जनवरी के बीच खेला जा रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में मां की रसोई का किया उद्घाटन

## नौ रुपये में मिलेगा भोजन



**एसबी संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेले के शुरू होने से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामुदायिक रसोई मां की रसोई का उद्घाटन किया, जिसमें मात्र नौ रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि सामुदायिक रसोई का संचालन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए, नंदी सेवा संस्थान द्वारा स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में किया जाता है। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने अस्पताल का दौरा किया, जहां उन्होंने मां की रसोई का उद्घाटन किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा उपस्थित लोगों को भोजन परोसा।

सरकार ने कहा, नंदी सेवा संस्थान ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता के लिए यह पहल शुरू की है। मात्र नौ रुपये में लोगों को भोजन मिल सकेगा। भोजन में दाल, चार रोटियां, सब्जियां, चावल, सलाद और मिठाई मिलेंगी। उद्घाटन के बाद औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने मुख्यमंत्री को रसोई में भोजन तैयार करने के संबंध में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री को भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता मानकों और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। नंदी सेवा संस्थान के अनुसार मां की रसोई उन लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी जो अपने प्रियजनों के इलाज के लिए इस अस्पताल में आते हैं और भोजन के लिए चिंतित होते हैं। औद्योगिक विकास मंत्री के अलावा इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और जगद्गुरु महामंडलेश्वर संतोष दास उपस्थित रहे।

### प्रमोद सावंत की पत्नी पर नहीं करेंगे अपमानजनक टिप्पणी : संजय सिंह

**(एजेन्सी)।**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने गोवा की एक अदालत में कहा है कि वे मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत की पत्नी सुलक्षणा सावंत के खिलाफ कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं करेंगे।

संजय सिंह के वकील ने बिचोलिम की प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में उनका पक्ष रखते हुए यह जानकारी दी। यह मामला सुलक्षणा सावंत द्वारा दायर 100 करोड़ रुपये की मानहानि याचिका से जुड़ा है। मुख्यमंत्री की पत्नी ने संजय सिंह पर कथित तौर पर नौकरी के बदले पैसे घोटाले में उनका नाम लेने का आरोप लगाया था।

अदालत ने इस मामले में संजय सिंह से जवाब मांगते हुए शुक्रवार तक का समय दिया था। अब इस मामले की अगली सुनवाई 24 जनवरी को होगी। सुलक्षणा सावंत ने उत्तर गोवा के बिचोलिम स्थित सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में यह याचिका दायर की थी। अपनी शिकायत में उन्होंने अदालत से मांग की थी कि संजय सिंह से इस मामले में सार्वजनिक माफी मंगवाई जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि संबंधित वीडियो, लेख, या साक्षात्कार झूठे हैं और तथ्यों पर आधारित नहीं हैं।

सुलक्षणा सावंत ने अदालत से अनुरोध किया था कि संजय सिंह को सोशल मीडिया या अन्य मंचों पर उनके खिलाफ कोई सार्वजनिक टिप्पणी करने से रोका जाए।

# हरियाणा खेलों में आगे है और अब तैराकी में भी आगे बढ़ेगाः मनोहर लाल

**एसबी विशेष संवाददाता**



**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश खेलों में हमेशा से आगे रहा हैं और अब तैराकी में भी आगे बढ़ेगा। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षो के दौरान खेल के क्षेत्र में दी गई सुविधाओं की बदौलत यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक हासिल करके प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहें है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शुक्रवार को करनाल प्रवास के दौरान लोक निर्माण के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया की स्मार्ट सिटी करनाल परियोजना के तहत करीब 59 करोड़ की लागत से तीन परियोजनाओं का लोकार्पण करके जनता को समर्पित की गई है। इनमें करीब 44 करोड की लागत से इंडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का उद्घाटन शामिल है, इस कॉम्पलेक्स में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक स्तर को स्विमिंग पूल बनाया गया है, जोकि प्रदेश में पहला हैं। इस स्विमिंग पूल के बनने से हरियाणा प्रदेश के ही नहीं बल्कि पूरे देश के खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा और वे वहां की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा का युवा कुश्ती, कबड्डी तथा तैराकी में गहन रुचि रखता है। तैराकी तो गांव के युवा खेल-खेल के माध्यम से गांवों के तालाबों में आसानी से सीख जाते हैं लेकिन बदलते परिवेश में खेलों के क्षेत्रों में खिलाड़ियों के लिए आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराना जरूरी है। करनाल मे इंडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में स्थापित स्वीमिंग पूल तैराकी के खिलाडियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा हमेशा से किसानों की भलाई के लिए काम किया है और नई-नई योजनाएं लागू करके किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि अगर किसानों की कोई समस्या है तो उसका समाधान आपस में बैठकर निकाला जा सकता है। केंद्र सरकार इसके लिए प्रयासरत है। उन्होंने एक अन्य प्रश्न में कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के हरियाणा प्रदेश में सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं व घटते लिंगानुपात में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के लिए सरकार के साथ-साथ आमजन का सहयोग भी जरूरी है, इस कार्य में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को आगे आकर समाज में जागृति लानी होगी। उन्होंने स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा छोटे-छोटे व बड़े से बड़े चुनाव को पूरी गंभीरता से लड़ती है और हमारी पार्टी चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि दिल्ली चुनाव के बाद मार्च माह के अंत तक स्थानीय निकाय के चुनावों की प्रक्रिया पूर्ण होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार दिल्ली के चुनाव में भाजपा एज पर है और सरकार बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ेगा, जनता के मुड से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, भाजपा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृज भूषण गुप्ता मौजूद रहें।

# प्राणघातक हमले में महिला सहित दो को मिलीं जमानत

**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** बकरे के विवाद को लेकर प्राणघातक हमला करने के मामले में दो आरोपितों को कोर्ट ने जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (चतुर्थ) रविंद्र कुमार श्रीवास्तव अदालत ने ग्राम कपिसा, थाना चोलापुर निवासी आरोपी अनिल गुप्ता व उर्मिला देवी को 50-50 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार उपाध्याय ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार ग्राम कपिसा थाना चोलापुर निवासी वादी दिनेश चौहान ने थाना चोलापुर में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि बकरी के विवाद को लेकर 26 सितंबर 2021 को सुबह 10.00 बजे विपक्षी अनिल गुप्ता, उर्मिला देवी व सूरज गाली दे रहे थे, मना करने पर लाठी, डण्डा से मारे पीटे। बीच बचाव में गोपी चौहान, राजेश को भी मारे पीटे।



अधिवक्ता अजय कुमार उपाध्याय।

# भगवान की सेवा भक्ति से मिलते है अनंत सुखः कृष्णा प्रिया





**■ भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव एवं वामन भगवान की झांकी श्रद्धालुओं के बीच रहा आकर्षण का केंद्र**

**एसबी संवाददाता/मोहित कुमार**

**अकबरनगर।** नगर पंचायत अकबरनगर के श्रीरामपुर में आयोजित श्री श्री श्री 108 श्रीमद् भागवत कथा पारायण ज्ञान सप्ताह में कथा का श्रवण करने लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वृंदावन से आई कथा वाचिका कृष्णा प्रिया के कथा को श्रवण कर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो रहे हैं। कथा के दौरान बीच-बीच में कथा से संबंधित झांकी प्रस्तुत की जा रही है। जिसे देख श्रद्धालु खूब आनंदित हो रहे हैं। भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचिका कृष्णा प्रिया ने भक्त ध्रुव से जुड़े प्रसंग को सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान की सेवा भक्ति से अनंत सुख मिलते है। भगवान की भक्ति से लोक-परलोक के सुख मिलते हैं। भगवान के रास्ते पर चलने से सच्ची शांति और सुख मिलता है।

भक्ति में निष्ठा और दृढ़ विश्वास रखना चाहिए।ना कोई प्रसाद और ना कोई चढ़ावा, पांच साल के ध्रुव ने सिर्फ भावों से ही भगवान को प्रसन्न कर लिया था।भक्त ध्रुव ने भगवान की भक्ति करके ही सबसे ऊंचा पद प्राप्त किया। कृष्ण प्रिया ने कहीं की अधिकतर लोग भगवान को तभी याद करते हैं, जब वे मुसीबत में होते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। भगवान की भक्ति हर पल करनी चाहिए। दुख में ही नहीं, सुख के दिनों में भी प्रार्थना करनी चाहिए। भक्त के भाव पवित्र होना चाहिए, तभी भगवान की कृपा मिल सकती है। भक्ति कैसी होनी चाहिए, ये हम भक्त ध्रुव की कथा से समझ सकते हैं। कलयुग में धर्म के केवल एक चरण है दान, अर्थात कलयुग में धर्म के निरूपण के लिए दान करना आवश्यक है। राजा बलि ने दान किया इसलिए उनका नाम भागवत में वर्णित है।

कथा के दौरान भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की झांकी एवं वामन भगवान की झांकी श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रहा।

# पूर्व मंत्री आबिद रजा पीड़ित गुलफाम को अस्पताल देखने पहुंचे



**एसबी ब्यूरो प्रमुख इन्तजार हुसैन**

**बदायूँ।** पूर्व मंत्री आबिद रजा ने बरेली राममूर्ति अस्पताल में गुलफाम जिसने गत 01 जनवरी को एसएसपी कार्यालय में आत्मदाह का प्रयास किया था को देखने पहुंचे। आबिद रजा ने पीड़ित गुलफाम के परिजनों से मुलाकात की तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया तथा गुलफाम का इलाज कर रहे चिकित्सक से भी बात करके गुलफाम का हाल जाना।

# विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने लोक सभा के अधिकारियों के साथ बनाई योजना

**■ विधानसभा कर्मचारियों का स्किल बढ़ाने के लिए तैयार होगा पाठ्यक्रम**

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के सुझाव पर लोकसभा सचिवालय हरियाणा विधानसभा के कर्मचारियों का स्किल विकसित करने के लिए लघु अवधि पाठ्यक्रम तैयार करेगा। इस पाठ्यक्रम के आधार पर भविष्य में कर्मचारियों का प्रशिक्षण अधिक व्यापक स्तर पर होगा।



हरियाणा विधानसभा के कर्मचारियों के लिए चंडीगढ़ में आयोजित दो दिवसीय कर्मचारी क्षमता निर्माण कार्यक्रम की सफलता से उत्साहित विस अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को विस्तार देने की योजना बनाई है। इस सिलसिले में उन्होंने कार्यक्रम के तुरंत बाद लोकसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के साथ-साथ भविष्य में इसे और व्यापक बनाने के लिए बिंदुवार चर्चा की गई।

लोकसभा के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) की निदेशक जुबी अमर और उप-सचिव सुनील मिनोचा समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की गई है कि हरियाणा विधानसभा के कर्मचारियों का कार्य-कौशल बढ़ाने के लिए लघु अवधि के पाठ्यक्रम तैयार किए जाने चाहिए। विस अध्यक्ष ने कहा कि दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम में जिस प्रकार से विषयों की प्रस्तुति हुई है, उससे कर्मचारियों का न केवल अच्छा प्रशिक्षण हो सका है, बल्कि वे नई ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए उत्साहित भी हुए हैं। यह उत्साह ऐसे ही बना रहना चाहिए, यह भी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि नोटिंग एवं प्रारूपण संबंधी फाइल वर्क की बारीकियां सीखने में कर्मचारियों ने काफी दिलचस्पी दिखाई है। विस अध्यक्ष ने कहा कि कार्यालय प्रक्रिया और रिकॉर्ड प्रबंधन एवं मैनुअल संबंधी विषय अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बदलते परिप्रेक्ष्य में हमें इस पर और काम करना है। भविष्य के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समितियों के कामकाज पर व्यापक रूप से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हालांकि हरियाणा विधान सभा में कमेटियों के अध्ययन दौरों की रिपोर्ट विधि सम्मत तरीके से बन रही है, लेकिन उनके प्रारूपण को और सार्थक व उपयोगी बनाने की आवश्यकता है। विस अध्यक्ष ने कहा कि भविष्य के प्रशिक्षण सत्रों में प्रश्नकाल के लिए आने वाले प्रश्नों के प्रारूपण पर विशेष ध्यान रहेगा। विधानसभा के अनुसंधान एवं संदर्भ प्रभाग की भूमिका भी बढ़ाएंगे। इससे सदस्यों को उनके काम की जानकारी त्वरित गति से मिल सकेगी। विधिक प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली भी दुरुस्त करनी आवश्यक है।

इसी प्रकार स्थापना शाखा के कार्यों तथा सदस्यों के साथ व्यवहार करते समय प्रोटोकॉल और शिष्टाचार पर भी विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया जाना चाहिए। सुरक्षा हमेशा से गंभीर विषय रहा है। भारतीय संसद में सुरक्षा के उच्च मानकों को लागू किया गया है। यह इस विषय के महत्व को दशार्ता है। सुरक्षा पर प्रशिक्षण से न केवल आगंतुकों का प्रवेश सुगम हो सकेगा, बल्कि अवांछित गतिविधियों की आशंका भी नहीं रहेगी।

# नप ने कचरा संग्रह के लिए डस्टबिन का किया वितरण



**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** नगर पंचायत अकबरनगर में कचरा संग्रह के लिए वार्ड के सभी घरों में डस्टबिन हो इसको लेकर कचरा प्रबंधन के तहत डस्टबिन वितरण की शुरूआत किया गया। शुक्रवार को वार्ड नंबर तीन के ग्रामीण बीच अपने घरों में कचरा संग्रह के लिए गीला एवं सूखा कचरा रखने के लिए दो अलग-अलग रंग की डस्टबिन दी गई। साथ ही कचरा प्रबंधन से संबंधित जानकारी दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि अंजीत कुमार ने बताया कि डोर-टू-डोर सफाई अभियान के तहत नगर पंचायत के सभी घरों से अब गीला व सूखा कचरा अलग-अलग संग्रह किया जाएगा। शुक्रवार को वार्ड संख्या तीन से इसका शुभारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखने से नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है।

हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा, जिसमें रसोई का कचरा, फल के छिलके, सड़े फल, सब्जी, बचा भोजन, अंडे के छिलके आदि को डालना है। जबकि नीले रंग के डस्टबिन में प्लास्टिक, बोतल, कागज, कप-प्लेट, पैकेट आदि को डालना है। हर हाल में कूड़ा-कचरा डस्टबिन में ही रखें। ताकि गंदगी न फैलने पाए और नप को स्वच्छ रखा जा सके। इस अवसर पर नप के कार्यपालक पदाधिकारी विकास कुमार, उपाध्यक्ष अनिल कुमार एवं वार्ड पार्षद सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में दूसरे दिन परिवर्तन को बताया जीवन का आधार



**एसबी संवाददाता/विजेश शर्मा**

**पंचकूला।** राजकीय संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 20 में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन जिला एन.एस.एस कोऑर्डिनेटर डॉ अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया प्रातः प्रार्थना और योगाभ्यास और मंत्र उच्चारण कराया गया। योग प्रशिक्षक सतपाल जी ने प्राण उर्जा संचार विषयक प्राणायाम व्यायाम करवाया। प्रथम बौद्धिक विकास सत्र में सुशील शास्त्री ने विद्यार्थियों में परिवर्तन को जीवन का आधार बताया। उच्च आदर्श और नैतिक मूल्य के द्वारा समाज में परिवर्तन संभव है। युवा पीढ़ी अपनी संकल्प चेतना से समाज में परिवर्तन ला सकती है। ईस्ट इंडिया कंपनी से लेकर वॉलमार्ट तक सब ने भारत को लूटा है। आज भारत का युवा सभी क्षेत्रों में अग्रणी है वह निश्चित रूप से आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को लेकर के समस्त संसार में पहुंच रहा है। मध्यान भोजन के पश्चात दूसरे बौद्धिक विकास सत्र में सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष जिंदल ने जीवन में पंच परिवर्तन के महत्व को समझाया। भारत को अपनी समस्त जातीय श्रेष्ठ को छोड़कर समरसता की भावना से विकास करना होगा। अपने पारिवारिक मर्यादा और संस्कार को अपनाना होगा। इसके साथ विद्यार्थियों में अपने पर्यावरण, अपनी मातृभाषा के प्रति भी लगाव रखना चाहिए। आज के विद्यार्थी कल के भावी नागरिक हैं। इन विद्यार्थियों पर हम समाज को अपना ध्यान केंद्रित करके इनको शब्द और संस्कारी नागरिक बनाना चाहिए। अतीत और वर्तमान कैसा है इसकी ना चिंता करके बल्कि हमें अपने भविष्य की चिंता करनी चाहिए। विद्यार्थी हमारे भविष्य हैं उनकी उन्नति में ही राष्ट्र की उन्नति है। अतीत का गौरव बोध होना च और भविष्य के सपनों का आदर्श हमारे विचारों में हमेशा विद्यमान रहना चाहिए। इस राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। सभी जिलों से आए कार्यक्रम अधिकारी पूर्ण मनोयोग से शिविर की सफलता में लगे हुए है। मंच का संचालन रणदीप मैने किया। व्यवस्था रविंद्र मलिक संजीव मोनिका जोशी, शीला भारद्वाज वीणा और टीना ने संभाल रखा है अंत में सम्राट जी ने सबका धन्यवाद किया।

# चंडीगढ़ पर अपना दावा छोड़ती जा रही है भाजपा सरकारः कुमारी सैलजा

**एसबी विशेष संवाददाता**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासन में हरियाणा के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति (डेप्युटेशन) की व्यवस्था खत्म करके यूटी काडर के अधिकारियों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की हरियाणा के हितों पर कुठाराघात किया है। प्रदेश सरकार के मौन से साफ हो रहा है कि वह चंडीगढ़ पर अपना दावा छोड़ती जा रही है, सीएम नायब सैनी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए प्रदेश के हितों को गिरवी रख दिया है। भाजपा लगातार हरियाणा की संस्कृति और उसकी पहचान पर हमला कर रही है। पर प्रदेश की जनता इसे किसी भी सूरत में सहन नहीं करेगी।



मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू के सपनों का शहर चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब की सांझी विरासत है और इस सांझी विरासत को छीनने का किसी को कोई अधिकार नहीं है। चंडीगढ़ को हरियाणा और पंजाब ने अपने खून-पसीने से सींचा है पर अब मोदी सरकार हरियाणा से चंडीगढ़ का प्रशासन व अधिकार छीनने में लगी है जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदेश सरकार की चुप्पी से लग रहा है कि केंद्र को खुश करने के लिए वह चंडीगढ़ पर अपना अधिकारी छोड़ती जा रही है जबकि सब जानते है कि चंडीगढ़ पर संसद द्वारा पारित पंजाब रिऑर्गेनाइजेशन एक्ट 1966 के तहत 40:60 के अनुपात में हरियाणा व पंजाब का हिस्सा व मलकियत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंडीगढ़ प्रशासन की हिस्सेदारी की इस व्यवस्था में हस्तक्षेप कर हरियाणा की जनता के साथ विश्वासघात किया है, उनके हितों पर कुठाराघात किया है। जिसे प्रदेश की जनता किसी भी सूरत में सहन नहीं करेगी।

कुमारी सैलजा ने कहा कि मोदी सरकार ने चंडीगढ़ के लिए प्रशासनिक सलाहकार के स्थान पर चीफ सेक्रेटरी का पद मंजूर किया है। केंद्र सरकार की अधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार चीफ सेक्रेटरी पद के साथ सचिव के तौर पर 9 के बजाए 11 अधिकारी काम करेंगे। इस नोटिफिकेशन के अनुसार ये सभी अधिकारी हरियाणा या पंजाब से प्रतिनियुक्ति पर लेने की बजाय यूटी कैडर के होंगे। केंद्र सरकार की नोटिफिकेशन के बाद अब वित्त, गृह, डीसी, निगम आयुक्त से लेकर विभिन्न पदों पर पंजाब-हरियाणा कोटे की दावेदारी का अंत हो गया है। केंद्र सरकार ने इस नोटिफिकेशन से स्पष्ट हो गया है कि चंडीगढ़ में सभी सचिव के पद यूटी कैडर के लिए आरक्षित होंगे अब इन पर पंजाब और हरियाणा का कोई हक नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि अब तक हरियाणा चंडीगढ़ पर अपना दावा करता आ रहा है पर अब चंडीगढ़ को इन दोनों ही प्रदेशों से छीनने और चंडीगढ़ पर प्रशासनिक कब्जा जमाने के चक्कर में मोदी इस नई तानाशाही व्यवस्था को लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ हरियाणा के हाथ से फिसलता जा रहा है, प्रदेश सरकार को अपने प्रदेश के हितों की रक्षार्थ आगे आना होगा।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हरियाणा और पंजाब की विशेष संस्कृति और पहचान पर निरंतर हमले कर रही है। पर केंद्र सरकार को ये कभी नहीं भूलना चाहिए कि इस चंडीगढ़ को बसाने में हमारी जमीन, हमारे संसाधन और हमारी मेहनत लगी है, हम किसी भी सूरत में चंडीगढ़ पर अपना हक छोड़ने वाले नहीं हैं।

# आरटीएस आयोग ने पार्क के खराब रखरखाव से नाराज अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए आदेश

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सेवा का अधिकार (आरटीएस) आयोग ने सेक्टर-6, पंचकूला स्थित टोपारी पार्क में लापरवाही बरतने व बुनियादी ढांचे की खराब गुणवत्ता पर कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जुर्माने के साथ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। आयोग के प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त श्री टीसी गुप्ता और आयोग के सलाहकार श्री जिनसन जॉर्ज चाको तथा विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पार्क का दौरा करने उपरांत यह कार्रवाई की गई है। टीम द्वारा जांच के दौरान देखा गया कि पार्क में ईपीडीएम-पथ हाल ही में बिछाया गया था और तीन साल की वारंटी होने के बावजूद निर्माण के कुछ महीनों के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो गया, जो स्पष्ट रूप से निर्माण के दौरान गैर-पर्यवेक्षण तथा संभावित भ्रष्टाचार को दशार्ता है। यह देखा गया कि श्री अशोक राणा, एसई, इलेक्ट्रिकल, एचएसवीपी, जो एसई, बागवानी का कार्यभार संभाल रहे थे, ने इस कार्य को करवाया था और इसलिए सीए, एचएसवीपी को इसकी जांच करने, इस चूक के लिए जिम्मेदारी तय करने और 31 जनवरी, 2025 तक आयोग को रिपोर्ट भेजने के लिए कहा गया है। आयोग ने कहा कि वह आरोपपत्र जारी करके निर्माण पर किए गए अनावश्यक व्यय की राशि वसूलने पर विचार कर सकता है।


**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/आरएस (ई)/टीएम/3 नई दिल्ली, दिनांक : 09.01.2025

**शुद्धिपत्र संख्या 3**

**विषयः 138 अदद् 'डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर (डीटीएस)' के डिजाईन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 18.02.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2023–टीएम–3.**

विषय निविदा के कुछ नियम और शर्तों को संशोधित और IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखें।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

129/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

रेलवे लाइन और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्टस 50 हर्ट्ज ऐसी शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाइन की समीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

| खण्ड | तारीख |
|---|---|
| तुगलकाबाद यार्ड में ट्रांसफर लाइन नंबर–1 | 20.01.2025 |

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/कर्षण वितरण
उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल

दिनांकः 10.01.2025 113/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82252378 | नैनो डोसेटेक्सेल इंजेक्शन 80 मिलीग्राम | 584 Nos | 10/02/2025 |
| 2. | 82252397 | डेनोसुमैब इंजेक्शन 120 मिलीग्राम | 627 Nos | 10/02/2025 |
| 3. | 82252090 | रामूसिरूमब इंजेक्शन 500 मिलीग्राम | 48 Nos | 07/02/2025 |
| 4. | 82251034 | इंजेक्शन निवोलुमैब 40 मिलीग्राम | 180 Nos | 06/02/2025 |
| 5. | 82258959 | इंजेक्शन बेनरलिजुमाब 30 मिलीग्राम/एमएल पीएफएस | 55 Nos | 03/02/2025 |
| 6. | 82251041 | बेवाकिजुमैब इंजेक्शन 400 मिलीग्राम | 1000 Nos | 31/01/2025 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. इंजेक्शन और दवाएं दिनांक 10.01.2025 112/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।**

क) **कुल नौः (09) स्टॉलः** गुड़गांव, सब्जी मंडी, पलवल, दिल्ली दिल्ली कैंट, पानीपत, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट और दिल्ली शाहदरा स्टेशनों पर।

ख) **कुल बाईस (22) ट्राली :** दिल्ली सराय रोहिल्ला, ओखला, फरीदाबाद न्यू टाउन, तुगलकाबाद, बल्लभगढ़, खेकड़ा, नोली, बागपत रोड, बड़ौत, नांगलोई, शकूरबस्ती, जुलाना, सांपला, सकोटी टांडा, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज मुरादनगर, देवबंद, खतौली, परतापुर और मोदीनगर स्टेशनों पर)

- गुड़गांव, सब्जी मंडी, पलवल, मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1,2,3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (मेरठ कैंट, खेकड़ा, बागपत रोड, ओखला, जुलाना, सांपला, खतौली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (सकौती टांडा और परतापुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैः–

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड़.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।

- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 15.01.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

124/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हरियाणा परिवहन विभाग खरीदेगा 750 नई बसें: मंत्री अनिल विज

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलेट ट्रेन चलवाए जाने की तर्ज पर अधिकारियों को दिए तेजी से काम करने के निर्देश

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में हरियाणा के पविहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि परिवहन विभाग के माध्यम से हम 750 बसें खरीदने जा रहे हैं। इसके अलावा, सभी बस अड्डों पर लोगों को स्वच्छ व पोस्टिक भोजन मिले, इसके लिए भी हरियाणा पर्यटन निगम से बातचीत की है। यदि पर्यटन निगम से बात नहीं बनी तो रेलवे की तर्ज पर यात्रियों को भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को बुलेट ट्रेन युग में लेकर जाना चाहते हैं लेकिन कुछ विभाग आज भी बैलगाड़ी की रफ्तार से चल रहे हैं, इसलिए सभी अधिकारियों को सख्ती से कहा है कि अपने काम में तेजी लाएं और लोगों की समस्याओं का समाधान तुरंत करें। बिजली मीटर को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग के माध्यम से स्मार्ट मीटर लगाने जा रहे हैं, जिसमें दोनों तरह की सुविधा होगी, जैसे कि प्रीपेड और पोस्टपेड की सुविधा भी होगी और इस संबंध में प्रक्रिया चल रही है और जब यह स्मार्ट मीटर लग जाएंगे तो लोगों को बहुत फायदा होगा। एक अन्य सवाल के जवाब



में विज ने कहा कि वे पार्टी के एक कार्यकर्ता हैं, उन्हें एक भी विभाग न दिया जाए तो भी वे काम कर लेंगे। जो उनकी ड्यूटी लगती है उसका मैं निर्वहन करता हूं। एक किसान द्वारा आत्महत्या करने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि किसानों का धरना पंजाब की धरती पर चल रहा है और किसान पंजाब की धरती पर बैठे हुए हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है, और न उनके मुख्यमंत्री भगवंत मान ने और न उनके किसी मंत्री ने किसानों का हाल जाना, जबकि वहां पर किसान नेता डल्लेवाल आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। शक होता है, कहीं यह किसी अनहोनी होने का इंतजार तो नहीं कर रहे ताकि अनहोनी हो और ये अपनी राजनीति का खेल खेल सके।

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुरझाए हुए, लटके हुए चेहरे नजर आ रहे हैं, उससे अच्छी प्रकार से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम आदमी पार्टी अपनी हार को मान चुकी है। उन्होंने आप नेताओं से पूछा कि क्या यूपी या बिहार के लोग बिकाऊ हैं? उन्होंने बताया कि वह यूपी, जिसने रामचंद्र दिए कृष्ण जी दिए और जिन्होंने सारी दुनिया में जाकर उपदेश दिए। इसी प्रकार वह बिहार जहां से बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ और सारे विश्व में जिन्होंने ज्ञान फैलाया। क्या आज यूपी और बिहार के लोग आम आदमी पार्टी के लिए बिकाऊ लोग बन गए।

# हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों को प्रदान किया है सुरक्षा कवच प्रदान-राव नरबीर सिंह

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने अग्निवीरों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है। केंद्र सरकार द्वारा 15 जुलाई 2022 से आरंभ की गई अग्निपथ नामक योजना के तहत सेना के तीनों अंगों थल, जल व वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती की गई है, जिसमें 25 प्रतिशत अग्निवीरों की सेवाएं नियमित की जाएंगी। अग्निवीरों का पहला बैच जुलाई 2026 में पूरा होना है, जबकि हरियाणा मंत्रिमंडल ने इससे पहले ही हरियाणा अग्निवीर नीति 2024 क्रियान्वित कर अग्निवीरों को सुरक्षा कवच प्रदान कर दिया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा से वर्ष 2022-23 के दौरान 1830 तथा 2023-24 के दौरान लगभग 2215 युपा अग्निवीर के रूप में थल, जल व वायु सेना में भर्ती हुए थे। मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि अग्निवीरों को पुलिस, खनन गार्ड, जेल वार्डन तथा एसपीओ की भर्ती में 10 प्रतिशत होर्टिजेनटल आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा ग्रुप सी की सीधी भर्ती में 5 प्रतिशत तथा ग्रुप में 1 प्रतिशत आरक्षण दिया जएगा। उन्होंने बताया कि अग्निवीर के पहले बैच के युवाओं को 5 वर्ष की आयु सीमा में छूट दी जाएगी। इसके अलावा उनको संयुक्त पात्रता परीक्षा से भी छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो अग्निवीर स्वरोजगार या उद्यमशीलता को अपनाना चाहते हैं उन्हें भी 5 लाख रुपये तक का लोन उपलब्ध करवाया जाएगा। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से की जाने वाली नियुक्तियों में भी अग्निवीरों को वरीयता दी जाएगी।



इसका अलावा जो उद्योग अग्निवीरों को 30 हजार रुपये से अधिक मासिक वेतनमान पर सेवाओं में रखते हैं तो उन उद्योगों को सरकार 60 हजार रुपये वार्षिक सब्सिडी भी उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने बताया कि जो अग्निवीर प्राइवेट सुरक्षा कर्मी के रूप में सेवाएं देना चाहते हैं उन्हें गन लाइसेंस प्रदान करने में प्राथमिकता दी जाएगी।

# सीवन, पोलड़, कांगथली, अगोंध, पीडल, खरौदी व भूना में युवाओं सहित आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे कराया अवगत

## युवाओं व आमजन ने लोटे में नमक डालकर नशा ना करने की ली शपथ



**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत करवाना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है।

नशा एक ऐसी बुराई है जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ-साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। इस अभियान से पहले भी जिला पुलिस की टीम सुबह और शाम युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़कर उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दे रही हैं। इस अभियान से जहां युवा खेलों से जुड़ेंगे वहीं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहेंगे। पुलिस प्रशासन के इस अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है तथा जिला के अनेक युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसी बीच युवाओं व आमजन ने लोटे में नमक डालकर नशा ना करने की ली शपथ दिलाई गयी। पुलिस का उद्देश्य नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का है।

अभियान के तहत नशा जागरूकता टीम में शामिल पीएसआई रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार तथा होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा सीवन, पोलड़, कांगथली, अगोंध, पीडल, खरौदी व भूना में विद्यार्थियों, युवाओं व आमजन को नशे से दूर रहने तथा खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस टीम द्वारा कहा गया कि नशा मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान दें, साथ ही उन्होंने अपील की है कि नशे का कारोबार करने वालों की सूचना डायल 112 पर पुलिस विभाग को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाऐगा।

# निगमायुक्त ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री प्रयोग करने पर एजेंसी को 2 वर्ष के लिए किया निषेध

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने व समय पर उन्हें पूरा करवाने को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सख्ती दिखाई है। इसे लेकर निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री के प्रयोग करने तथा धीमी गति के चलते दो निर्माण एजेंसियों पर कार्रवाई की गई है।

निगमायुक्त ने बताया कि मदनपुर गांव की गलियों के निर्माण के लिए एक एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी किया गया था। कार्य की अनुमानित लागत 38 लाख 21 हजार रुपये थी। एजेंसी द्वारा मौके पर कार्य शुरू किया गया, जिसकी निगरानी के लिए निगम अभियंता मौके पर पहुंचे। इस दौरान अभियंताओं द्वारा पाया गया कि एजेंसी की ओर से निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। इसे देखते कार्य को तुरंत रूकवा दिया गया।

उन्होंने बताया कि एजेंसी की इस कारगुजारी के चलते निविदा की शर्तों के अनुसार सम्बंधित एजेंसी पर कार्रवाई



करते हुए उसे 2 वर्ष के लिए डीबार यानि निषेध कर दिया गया है। अब यह एजेंसी इस अवधि के दौरान किसी भी कार्य के लिए टैण्डर नहीं भर सकेगी। उन्होंने बताया कि अब इस कार्य को करवाने के लिए दोबारा निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।

निगमायुक्त ने बताया कि इसके अतिरिक्त गांव कम्बोपुरा में एक सामुदायिक हॉल का निर्माण करवाया जा रहा है। इस कार्य पर 55 लाख 28 हजार रुपये की अनुमानित राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कार्य बीती 8 जनवरी को पूरा हो जाना चाहिए था, परंतु अब तक यह 65 प्रतिशत ही मुकम्मल हुआ है। निर्माण कार्य में धीमी गति के चलते सम्बंधित एजेंसी पर निविदा की शर्तों के अनुसार 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि एजेंसी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हॉल का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि गांव वासियों को इसका लाभ मिल सके।

निगमायुक्त ने सभी एजेंसियों को हिदायत देते कहा है कि वह विकास कार्यों में पूरी क्षमता व मानव बल के साथ कार्य करें, ताकि उसे समय पर पूरा किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में बेहतर निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जाए, ताकि वह लम्बे समय तक अपने अस्तित्व में बनी रहे और नागरिकों को इनका लाभ मिलता रहे।

# मैं हर समय जनता की सेवा के लिए उपलब्ध हूं: कृषि मंत्री

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने यमुनानगर जिला के गांव सांगीपुर, सढूरा, गांव पूर्णगढ़, बुबका, रतनगढ़ माजरा, भगवानगढ़, फतेहगढ़ तथा ठसका का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए।



श्री राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों को साथ लेकर हरियाणा को प्रगति के मामले में और आगे ले जाएंगे। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। वर्तमान सरकार ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के समान विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी इसी नीति पर चल कर विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य रह गए है या अधूरे पड़े हैं उन सभी विकास कार्यों को जल्द पूरा कर दिया जाएगा ताकि जनता को उनका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग के हित में योजनाएं बनाई जा रही हैं तथा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी विशेष रूप से कदम उठाए जा रहे हैं।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

# जिले के समाधान शिविरों में आई 13 शिकायतें, 11 का हुआ मौके पर समाधान

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार तथा डीसी प्रीति के मार्गदर्शन लघु सचिवालय के साथ-साथ उप मंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन निरंतर रूप से किया जा रहा है। जिले के सभी समाधान शिविरों में कुल 13 शिकायतें आई, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अन्य शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।



लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में 7 शिकायतें आई, जिसमें से 5 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं उपमंडल गुहला-चीका के खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय में लगाए जा रहे समाधान शिविर में 6 शिकायत प्राप्त हुई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। कलायत एसडीएम कार्यालय में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। डीसी प्रीति ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार की एक अच्छी पहल है।

आमजन को एक ही छत के नीचे सभी विभागों से जुड़े अधिकारी मौजूद रहते हैं, जिससे किसी समस्या का जल्द समाधान होना संभव हो जाता है। आमजन को इन शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समाधान शिविर में स्वयं उपस्थित रहें और लोगों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनें। शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाए।

इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों आती हैं।

# निजी भवनों पर लगे अवैध स्ट्रक्चर्स व यूनीपोल नहीं हटे तो होगी भू-मालिकों पर एफ.आई.आर. दर्ज: डॉ. वैशाली शर्मा

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विज्ञापन प्रदर्शन के लिए निजी भवनों पर लगे अवैध स्ट्रक्चर्स व यूनीपोल को सोमवार से हटाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम ने तैयारी कर ली है। इसके साथ-साथ अवैध विज्ञापनों को भी हटाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसे लेकर 53 संस्थानों को नोटिस जारी किए गए है। इनमें से 52 पर दस-दस हजार रुपये तथा जीटी रोड स्थित हवेली रिसोर्ट पर एक एलईडी स्क्रीन के जरिए विज्ञापन प्रदर्शित करने पर 46 हजार 630 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

निगमायुक्त ने अवैध स्ट्रक्चर लगाने वाले सम्बंधित भवन मालिकों को चेताते हुए कहा कि वह अपने-अपने भवनों या खुले स्थानों से स्ट्रक्चर्स को स्वयं ही हटा लें, अन्यथा नगर निगम की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए उसे हटाया जाएगा। ऐसे 17 संस्थानों या व्यक्तियों को नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अगर भवन मालिक सोमवार तक अवैध स्ट्रक्चर्स को नहीं हटाते तो सम्बंधित के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवाने के साथ-साथ स्ट्रक्चर को हटाने में खर्च हुई राशि भी उसी से वसूल की जाएगी। सम्बंधित व्यक्ति के भवन को सील भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक सम्पत्ति को कूरूप करते अवैध विज्ञापन बोर्ड, फ्लैक्स, बैनर, होर्डिंग व पोस्टर को



शहर में अवैध तरीके से प्रदर्शित करने पर 35 संस्थानों को नोटिस जारी कर 10-10 हजार रुपये तथा जीटी रोड स्थित हवेली रिसोर्ट पर एक एलईडी स्क्रीन के जरिए विज्ञापन प्रदर्शित करने पर 46 हजार 630 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सम्बंधित संस्थान अपनी जुर्माना राशि को नगर निगम करनाल कार्यालय में जमा करवा दें। उन्होंने बताया कि अगर कोई संस्थान जुर्माना राशि जमा नहीं करवाएगा, तो उस राशि को सम्बंधित व्यक्ति के सम्पत्ति कर में जोड़ दिया जाएगा। निगमायुक्त ने उल्लंघनकर्ता संस्थानों व व्यक्तियों को स्पष्ट किया कि वह अपने भवनों से अवैध स्ट्रक्चर्स को स्वयं ही हटा लें और जुर्माना राशि को नगर निगम कार्यालय में जमा करवा दें। अन्यथा नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 तथा हरियाणा सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1989 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय की ओर से भी अवैध विज्ञापन हटाने को लेकर निर्देश जारी किए जा चुके हैं और राज्य सरकार भी इसे लेकर लगातार निगरानी कर रही है।

# गौसेवा आयोग के चेयरमैन व सभी सदस्य करेंगे गौशालाओं का दौरा

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कड़ाके की ठंड व उम्रदराज गोवंश की गौशालाओं में हो रही मौतों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने गौसेवा आयोग के चेयरमैन सहित सभी सदस्यों को निर्देश दिए हैं कि वे व्यक्तिगत रूप से प्रदेश की सभी गौशालाओं का दौरा करें और वहां गौवंश के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लें। इसके अलावा गौशालाओं में गौवंश के स्वास्थ्य की जांच के लिए वेटनरी सर्जन की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने यह संज्ञान कैथल गौशाला में हुई गौवंश की मृत्यु पर लिया है और ये निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने गौसेवा आयोग के चेयरमैन व सदस्यों से कहा कि वे हरियाणा सरकार द्वारा गौवंश के कल्याण के लिए किए गए प्रयासों व योजनाओं की जानकारी भी दें, ताकि गौशाला संचालक इन योजनाओं को अपना कर गौवंश के कल्याण में योगदान दे सकें।

# विकसित भारत अभियान में विज्ञान का अहम योगदान: प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विकसित भारत अभियान में विज्ञान का अहम योगदान है तथा 21वीं सदी के भारत के विकास में विज्ञान उस ऊर्जा के समान है, जो हर क्षेत्र, हर राज्य के विकास को गति देने की क्षमता रखता है।

प्रोफेसर सचदेवाआज कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद (एचएससीएसआईटी) पंचकूला के सहयोग से 04-05 फरवरी, 2025 को ह्यविज्ञान और प्रौद्योगिकी की अद्भुत दुनियाह्व विषय पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन की विवरणिका के विमोचन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह विज्ञान सम्मेलन बुनियादी विज्ञान में उपलब्ध शोध परिप्रेक्ष्य और अवसरों की कल्पना करता है और हरियाणा के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और शिक्षाविदों को बुनियादी विज्ञान में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि चौथे विज्ञान सम्मेलन की मेजबानी करना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विज्ञान सम्मेलन का उद्देश्य हरियाणा में छात्रों, शिक्षकों और शिक्षाविदों के बीच बुनियादी विज्ञान में रुचि और जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ने सुनी सफाई कर्मियों की समस्याएं

## 'सफाई कर्मचारी की समस्याओं का जल्द निकाला जाएगा समाधान'



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति गंभीर है। सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं । सफाई कर्मचारियों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग तेजी से कार्य कर रहा है। आयोग द्वारा प्रदेश में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर समीक्षा की जा रही है ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जा सके। चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार करनाल प्रवास के दौरान शुक्रवार को स्थानीय पंचायत भवन के सभागार में सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुन रहे थे। इस मौके पर सफाई कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने चेयरमैन को पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ, शॉल देकर सम्मानित किया। बैठक में सफाई कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न मांगे रखी गईं, जिन पर चेयरमैन कृष्ण कुमार ने सफाई कर्मचारियों को जल्द उनकी मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा नगर निकाय विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर सफाई कर्मचारी संगठनों की ओर से दिए गए सुझावों को लागू करवानें का प्रयास किया जाएगा। सफाई कर्मियों के प्रति राज्य सरकार का सकारात्मक रूख है और इसी उद्देश्य से उनकी भलाई के लिए यह कमीशन काम कर रहा हैं।

इसके बाद चेयरमैन ने जिला सचिवालय में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत एवं विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी सफाई कर्मचारी की मृत्यु होने पर एक्सग्रेसिया नीति के तहत उसके परिजन को नौकरी में प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारी ड्यूटी के दौरान दस्ताने और मास्क जरूर पहनें। उन्होंने एचएसआईआईडीसी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को एसटीपी की सफाई प्रक्रिया संबंधित रिपोर्ट भेजने के लिए कहा।

इस मौके पर हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष आजाद सिंह, जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त देवेंद्र सिंह, डीएमसी अशोक कुमार, सीटीएम मोनिका, डीडीपीओ संजय टांक, बीडीपीओ गुरमालक, प्रशांत, मोनिका, डिप्टी सीईओ रोजी, जीएम रोडवेज कुलदीप सिंह, हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन के प्रदेश प्रधान मुखपाल पुहाल, जोगेंद्र सिंह, जिला प्रधान उषा राम, प्रदेश मीडिया पर भारी सुरजीत सिंह, पीओ रवि कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चौपडा, राजेश शर्मा, रमेश, उप-प्रधान रोशनी, बाला, कप्तान राजेंद्र कुमार, बलजीत, कप्तान राजपाल रोशन, प्रकाश सतबीर लहणा पपू, रामपाल, सुखविंद्र आदि मौजूद रहे।

# वैकुंठ एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में वैकुंठ एकादशी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। सुबह से लेकर शाम तक खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। प्रिंस बजाज भजन पार्टी ने बाबा श्याम का गुणगान किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को वैकुंठ एकादशी महत्व बताया गया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस मौके पर पंडित दीपक पांडे ने पौष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को वैकुंठ एकादशी मनाई जाती है। वैकुंठ एकादशी सभी एकादशी में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस दिन पर भक्त भगवान विष्णु की पूजा करते हैं और




व्रत रखते हैं। जो भी व्यक्ति इस पवित्र दिन पर कठिन उपवास रखते हैं और सभी पूजन नियमों का पालन करते हैं, भगवान विष्णु उनके लिए वैकुंठ के द्वार खोलते हैं। साथ ही उनके सभी पाप समाप्त हो जाते हैं। इस अवसर पर मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि श्री खाटू श्याम मंदिर में हर एकादशी पर भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। करनाल सहित दूर-दूर लोग दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचते है और सबकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मंदिर कमेटी की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जाती है।

इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, अनिल गर्ग, महिंद्र गुप्ता, रामकरण गोयल, पवन गर्ग, प्रदीप, हरीश गुप्ता व पवन गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।